AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में यूजी की सेमेस्टर परीक्षाएं 25 से

विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किया स्थगित की गई परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

■ पुनर्वास विवि में स्पेशल बैक पेपर 16 से

■ एमबीबीएस का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि की बीए, बीएससी, बीकॉम की तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होंगी। विवि प्रशासन ने मंगलवार को इनका कार्यक्रम जारी कर दिया। इससे पहले परास्नातक कोर्सों की परीक्षाएं 17 फरवरी से प्रस्तावित की गई हैं। ये परीक्षाएं पहले जनवरी में प्रस्तावित थीं, लेकिन के चलते इन्हें स्थगित करना पड़ा था। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार बीएससी तीसरे सेमेस्टर (बीए तीसरे सेमेस्टर मैथ, स्टेटिसटिक्स, एंथ्रोपोलॉजी) नियमित, बैक पेपर, छूटे छात्र व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 26 फरवरी से 24 मार्च तक सुबह 09 से 12 बजे तक और बीएससी पांचवें सेमेस्टर (बीए पांचवें सेमेस्टर मैथ, स्टेटिसटिक्स, एंथ्रोपोलॉजी) की परीक्षाएं 25 फरवरी से 02 मार्च तक दोपहर 02 से 05 बजे तक होंगी।

पुनर्वास विवि में स्पेशल बैक पेपर 16 से

लखनऊ। पुनर्वास विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों की सम-विषम सेमेस्टर व बीपीओ प्रथम वर्ष की बैक पेपर व स्पेशल बैक पेपर परीक्षा 16 फरवरी से प्रस्तावित है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा कोविड प्रोटोकॉल के साथ होगी। छात्र मास्क, सैनिटाइजर के साथ खुद का पानी ला सकेंगे।

एमबीबीएस का परीक्षा कार्यक्रम जारी

पुनर्वास विवि से संबद्ध टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहे एमबीबीएस की नियमित व पूरक परीक्षा 16 फरवरी से 02 मार्च तक निर्धारित है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

बीए तीसरे सेमेस्टर (मैथ, स्टेटिसटिक्स, एंथ्रोपोलॉजी को छोड़कर) नियमित, बैक पेपर, छूटे छात्र व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 25 फरवरी से 28 मार्च तक सुबह 09 से 12 बजे तक और बीए पांचवें सेमेस्टर (मैथ, स्टेटिसटिक्स, एंथ्रोपोलॉजी को छोड़कर) नियमित, बैक पेपर, छूटे छात्र व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 25 फरवरी से 08 अप्रैल तक दोपहर 02 से 05 बजे तक होंगी। बीएससी होम साइंस तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 फरवरी से 05 मार्च तक सुबह 09 से 12 बजे तक और पांचवें की 25 फरवरी से 12 मार्च तक दोपहर 02 से 05 बजे तक होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार बीकॉम तीसरे सेमेस्टर (नियमित, बैक पेपर, छूटे छात्र व इंप्रूवमेंट) की परीक्षाएं 25 फरवरी से 12 मार्च तक सुबह 09 से 12 बजे तक और बीकॉम पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर 26 फरवरी से 14 मार्च तक 02 से 05 बजे तक होंगी। जल्द ही परीक्षा केंद्रों की भी जानकारी जारी की जाएगी।

NBT PAGE 3

फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया और एलयू के बीच करार

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण मिशन के तहत मंगलवार को फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के साथ करार किया है। एमओयू पर हस्ताक्षर करने के वाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने वताया कि इस समझौते से दोनों विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध और संस्कृति के क्षेत्र में वेहतर संवाद स्थापित करेंगे। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रोफ पूनम टंडन ने वताया कि यह द्विपक्षीय अकैडमिक एक्सचेंज को वढ़ावा देगा और विविध क्षेत्रों में गतिशीलता वढ़ेगी।

एवोक इंडिया के साथ भी किया एमओयूः एलयू ने छात्रों के आर्थिक सशक्तीकरण, वित्तीय जागरूकता और शिक्षा के लिए एवोक इंडिया ग्रुप के साथ करार किया है। इस समझौता ज्ञापन पर एलयू के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय और एवोक इंडिया ग्रुप के निदेशक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए। इसके तहत एवोक इंडिया ग्रुप परामर्श और मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

HINDUSTAN PAGE 6

लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को पीएचडी करने वाली दस छात्राओं को शोध मेधा छात्रवृत्ति पुरस्कार कुलपति आलोक कुमार राय ने प्रदान किया।

एलयूः छात्राओं को दी गई पहली शोध मेधा छात्रवृत्ति

उपलब्धि

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को पीएचडी करने वाली दस छात्राओं को शोध मेधा छात्रवृत्ति पुरस्कार प्रदान किया गया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय में 150 से अधिक आवेदन आए थे जिनमें से कुछ को शॉर्टलिस्ट करके उनका साक्षात्कार किया गया और 10 छात्राओं को चयनित किया गया। इनको मंगलवार को यह छात्रवृत्ति पुरस्कार दिया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने चयनित छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र और एक विशेष रूप से डिजाइन हुडी दिया गया।

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए युवा महिलाओं को आर्थिक रूप से समर्थन व प्रोत्साहन देने के लिए यह छात्रवृत्ति योजना पहली बार छात्र कल्याण कोष के अंतर्गत शुरू की गई है। इसके तहत छात्राओं को तीन साल तक प्रतिमाह पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। छात्रवृत्ति पाने वाली छात्राओं में प्रिया, करीना, समृद्धि, कृति, साधना, प्रियंका, अंजलि मिश्रा, अंजना तिवारी, निकहत जहरा और हिना मसरूर शामिल हैं।

डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रदान करना है।

PIONEER PAGE 3

स्नातक तीसरे व पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 फरवरी से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना संक्रमण के चलते स्थगित हुई लखनऊ विश्वविद्यालय व सम्बद्ध कॉलेजों की स्नातक की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू हो रही हैं। मंगलवार को लखनऊ विवि ने यूजी के तीसरे व पांचवे सेमेस्टर का नया परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि यूजी की स्थगित की गई परीक्षाएं 25 से शुरू होकर आठ अप्रैल तक चलेंगी। जारी किए गए परीक्षा कार्यक्रम में सबसे लम्बे समय यानी आठ अप्रैल तक बीए पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। वहीं बीए सेमेस्टर तीन की परीक्षाएं 28 मार्च तक चलेंगी। बीकॉम की परीक्षाएं 14 मार्च तकए बीएससी की 2 अप्रैल तक होंगीत्र तीसरे सेमेस्टर के लिए सुबह की पाली ;सुबह 9 से दोपहर 12द्ध और पांचवे सेमेस्टर के लिए दोपहर की पाली ;दोपहर 2 से शाम 5द्ध का समय निर्धारित किया गया है। केन्द्रों में कोई फेरबदल नहीं हो रहा हैए जो पहले तय किए गए थे उन्हीं केन्द्रों पर परीक्षाएं होंगी।

एलयू और नाइजीरिया की फेडरल यूनिवर्सिटी के बीच अकादमिक करार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय और फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के बीच मंगलवार को एक अकादमिक करार हुआ। करार के तहत यहाँ के छात्र आने वाले दिनों में नाइजीरिया की फेडरल यूनिवर्सिटी में जाकर शोधकार्य कर सकेंगे यहां के शिक्षकों को भी वहां पढ़ाने का मौका मिलेगा और यही सुविधाएं फेडरल यूनिवर्सिटी के छात्रों व शिक्षकों को लखनऊ विश्वविद्यालय में उपलब्ध होगी।

शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण मिशन के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के साथ एमओयू साइन किया। एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के बीच विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कादमिक सहयोग स्थापित किया जाएगा। साथ ही दोनों संस्थानों के बीच शिक्षकों, छात्रों, शोधार्थियों का आदान-प्रदान भी होगा। संस्थाओं में शैक्षिक मटेरियल व शोध तकनीकों का भी आदान प्रदान हो सकता है।

इस द्विपक्षीय समझौते में फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया का प्रतिनिधित्व डिप्टी वाइस चांसलर प्रशासन प्रो. सपी शिंगु, डिप्टी वाइस एकेडेमिक प्रो. जूडिथ बेमिना, डॉ एमानुएल एतिम डायरेक्टर इंटरनेशनल प्रोग्राम, एग्रीकल्चर और लाइफ साइंसेज फैकल्टी के प्रतिनिधि डॉ. डीओ इबिरिण्डे, प्योर एंड, प्लाइड साइंसेज के प्रतिनिधि डॉ. ईए कम्बा, एजुकेशन फैकल्टी के प्रतिनिधि डॉ. इनोसेंट अब्बाह अकोर व अन्य ने किया वहीं लखनऊ विवि की ओर से कुलपति प्रो आलोक कुमार राय डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो पूनम टंडन, डीन एकेडेमिक्स प्रो राकेश चंद्रा, डीन रिसर्च प्रो राजीव पांडेय, डायरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. आरपी सिंह आदि मौजूद रहे।

बढ़ेगी छात्रों की आर्थिक समझ

मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने एवोक इंडिया रुप के साथ भी एक एमओयू साइन किया। इसके तहत छात्रों के आर्थिक सशक्तिकरणए वित्तीय जागरूकता व शिक्षा पर काम किया जाएगा। इस एमओयू का उद्देश्य वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में व्यवहारिक और रोजगारोन्मुख कौशल विकास द्वारा छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाना है। एवोक इंडिया ग्रुप, परामर्श और मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से, स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को सलाह और मार्गदर्शन देगा। एमओयू पर एलयू कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और एवोक इंडिया के निदेशक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए। प्रो मधुरिमा प्रधानए निदेशक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि एवोक इंडिया और सीजीसी के सहयोग से एलयू के छात्रों के लिए इंटर्नशिपए प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

शिक्षा | लविवि ने नाइजीरिया के विवि और एवोक इंडिया के साथ किया एमओयू

दो करार, शोध व स्टार्टअप को देंगे धार

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने मंगलवार को अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के साथ एमओयू किया। ऑनलाइन कार्यक्रम में लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के प्रतिनिधि डिप्टी वाइस चांसलर प्रशासन प्रो. सीपीशिंगू ने एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक सहयोग की पहल की।

नाइजीरिया की यूनिवर्सिटी के साथ किया गया ऑनलाइन एमओयू दिखाते लविवि कुलपति प्रो. आलोक । संवाद

दोनों संस्थानों के शिक्षक, छात्र व शोधार्थी शैक्षणिक व अन्य संबंधित विषयों पर सहयोग करेंगे। संस्थाओं में शैक्षिक मैटेरियल व शोध तकनीकों का भी आदान-प्रदान होगा। प्रो. राकेश चंद्रा, डीन एकेडेमिक्स प्रो. पूनम टंडन, डीन रिसर्च प्रो. राजीव पांडेय, डायरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. आर पी सिंह व अन्य मौजूद रहे।

विविध क्षेत्रों में गतिशीलता भी बढ़ेगी। इस अवसर पर फेडरल यूनिवर्सिटी के डिप्टी वाइस एकेडमिक प्रो. जूडिथ बेमिना, डॉ. एमानुएल एतिम डायरेक्टर इंटरनेशनल प्रोग्राम एग्रीकल्चर और लाइफ साइंसेज फैकेल्टी के प्रतिनिधि डॉ. डीओ इबिरिंडे व डॉ. ईएए केंबा, डॉ. इनोसेंट अब्बाह अकोर, डॉ. अब्दुल करीम ऐ सिट्टू, डॉ. विक्टर लुकपाटा, बैरिस्टर सेम्प्सन ए नमो, अजय ओलावाले स्टेफेन व लविवि की डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, डीन रिसर्च प्रो. राजीव पांडेय, डायरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. आर पी सिंह व अन्य मौजूद रहे।

आर्थिक रूप से सशक्त होंगे विद्यार्थी

लखनऊ। लविवि ने छात्रों के आर्थिक सशक्तीकरण, वित्तीय जागरूकता व शिक्षा के लिए एवोक इंडिया ग्रुप के साथ मंगलवार को एमओयू किया। एमओयू पर वीसी प्रो. आलोक कुमार राय व एवोक के निदेशक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने हस्ताक्षर किया। प्रो. राय ने बताया कि इसका उद्देश्य वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावहारिक और रोजगारोन्मुख कौशल विकास द्वारा छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। एवोक इंडिया परामर्श और मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए छात्रों को सलाह और मार्गदर्शन देगा। प्रो. राय ने कहा ज्ञान उद्योग में रोजगार योग्यता नई शिक्षा नीति है। यह एमओयू हमारे छात्रों को उद्यमिता की मूल बातें समझने और स्टार्टअप में प्रवेश करने में सहायता करेगा। प्रो. मधुरिमा प्रधान निदेशक कैरियर एंड कांसिलिंग सेल ने बताया कि एवोक इंडिया और सीजीसी के सहयोग से आयोजित इंटर्नशिप, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं विश्वविद्यालय के छात्रों को वित्त के उभरते नवीन क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर कैरियर कौशल और उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि करेंगी। प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में धन प्रबंधन कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डीन अकादमिक प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. अनु कोहली, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, डीन रिसर्च प्रो. राजीव पांडेय, डॉ. रितु नारंग, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, डॉ. अनुपम त्रिपाठी, डॉ अर्पणा गोडबोले आदि मौजूद थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

नाइजीरिया में शोध कर सकेंगे छात्र

एमओयू

लखनऊ | संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नाइजीरिया की फेडरल यूनिवर्सिटी में जाकर शोध कर सकेंगे, यहां के शिक्षकों को वहां पढ़ाने का मौका मिलेगा और यही सुविधाएं फेडरल यूनिवर्सिटी के छात्रों व शिक्षकों को लखनऊ विश्वविद्यालय भी देगा। इसके लिए मंगलवार को दोनों संस्थानों के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण मिशन के अंतर्गत एलयू की ओर से मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के साथ एमओयू साइन किया। इसके लिए मंगलवार को दोनों संस्थानों के ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण मिशन के अंतर्गत एलयू की ओर से मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के साथ एमओयू साइन किया। प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में धन प्रबंधन कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डीन अकादमिक प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. अनु कोहली, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, डीन रिसर्च प्रो. राजीव पांडेय, डॉ. रितु नारंग, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, डॉ. अनुपम त्रिपाठी, डॉ अर्पणा गोडबोले आदि मौजूद थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

बढ़ेगी छात्र-छात्राओं की आर्थिक समझ

मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने एवोक इंडिया ग्रुप के साथ भी एक एमओयू साइन किया। छात्रों के आर्थिक सशक्तिकरण, जागरूकता व शिक्षा पर काम होगा। इस एमओयू का उद्देश्य वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में व्यवहारिक और रोजगारोन्मुख कौशल विकास द्वारा छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाना है। एवोक इंडिया ग्रुप, परामर्श, मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से, स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए छात्रों को सलाह दी जाएगी।

के साथ एमओयू साइन किया। एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के बीच विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अकादमिक सहयोग स्थापित किया जाएगा। साथ ही दोनों संस्थानों के बीच शिक्षकों, छात्रों, शोधार्थियों का आदान-प्रदान भी होगा। संस्थाओं में शैक्षिक मटेरियल व शोध तकनीकों का भी आदान प्रदान हो सकता है।

द्विपक्षीय समझौते में फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया का प्रतिनिधित्व डिप्टी वाइस चांसलर प्रशासन प्रो. सपी शिंगु, डिप्टी वाइस एकेडेमिक प्रो. जूडिथ बेमिना समेत पदाधिकारी वहीं लखनऊ विवि की ओर से कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन आदि मौजूद रहे।

i-NEXT PAGE 4

नाइजीरिया में पढ़ेंगे यूनिवर्सिटी के छात्र

एलयू और फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के बीच हुआ अकादमिक करार

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (8 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्र आने वाले दिनों में नाइजीरिया की फेडरल यूनिवर्सिटी में जाकर रिसर्च वर्क कर सकेंगे, यहां के शिक्षकों को वहां पढ़ाने का मौका मिलेगा और यही सुविधाएं फेडरल यूनिवर्सिटी के छात्रों व शिक्षकों को लखनऊ यूनिवर्सिटी भी देगा. इसके लिए मंगलवार को दोनों संस्थानों के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए.

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

ये रहे मौजूद

इस द्विपक्षीय समझौते में फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया का प्रतिनिधित्व डिप्टी वाइस चांसलर प्रशासन प्रो. सपी शिंगु, डिप्टी वाइस एकेडेमिक प्रो. जूडिथ बेमिना आदि ने किया. वहीं एलयू की ओर से वीसी प्रो. अलोक कुमार राय, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, डीन एकेडेमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, डीन रिसर्च प्रो. राजीव पांडेय, डायरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. आरपी सिंह आदि मौजूद रहे.

बढ़ेगी छात्रों की आर्थिक समझ

मंगलवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एवोक इंडिया ग्रुप के साथ भी एक एमओयू साइन किया. इसके तहत छात्रों के आर्थिक सशक्तिकरण, वित्तीय जागरूकता व शिक्षा पर काम किया जाएगा. इस एमओयू का उद्देश्य वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में व्यवहारिक और रोजगारोन्मुख कौशल विकास द्वारा छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाना है. एवोक इंडिया ग्रुप, परामर्श और मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से, स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों को सलाह और मार्गदर्शन देगा. एमओयू पर एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय और एवोक इंडिया के निदेशक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए.

एमओयू की खास बातें

- सामाजिक विषयों पर सहयोग स्थापित किया जाएगा
- शिक्षकों, छात्रों और रिसर्च स्कॉलर का आदान-प्रदान होगा
- रिसर्च तकनीक का आदान-प्रदान किया जाएगा

नाइजीरिया की फेडरल यूनिवर्सिटी के साथ लखनऊ यूनिवर्सिटी ने साइन किया एमओयू.

10 रिसर्च स्कॉलर को शोध मेधा छात्रवृत्ति पुरस्कार

छात्रवृत्ति के लिए 150 से अधिक आए थे आवेदन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (8 Feb) : लखनऊ यूनिवर्सिटी में मंगलवार को पीएचडी करने वाली 10 छात्राओं को शोध मेधा छात्रवृत्ति पुरस्कार दिया गया. डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय ने प्राप्त 150 से अधिक फार्मों की जांच के बाद इसके लिए नाम शॉर्टलिस्ट किए. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने चयनित छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र और एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया यूनिवर्सिटी का हुडी प्रदान किया.

डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय ने150 से अधिक फार्मों की जांच के बाद इसके लिए नाम शॉर्टलिस्ट किए.

प्रोत्साहित करने के लिए

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए युवा महिलाओं को आर्थिक समर्थन और प्रोत्साहित करने के यह छात्रवृत्ति पहली बार दी गई है. डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडनने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी लड़कियों को वित्तीय सहायता के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रदान करना है. छात्रवृत्ति पाने वाले छात्रों में प्रिया अवस्थी, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, बॉटनी से करीना अफजल और समृद्धि मालवीय, रसायन शास्त्र से कृति चौरसिया और साधना विश्वकर्मा, प्रियंका फ्रांसिस, अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाएं, अंजलि मिश्रा, सामाज कार्य, अंजना तिवारी, सांख्यिकी, निकहत जहरा, उर्दू और जूलॉजी से हिना मसरूर शामिल हैं. इस अवसर पर प्रो. राकेश चंद्रा आदि मौजूद रहे.

AMRIT VICHAR PAGE 5

लविवि में शैक्षिक पाठ्यक्रम और शोध को मिलेगा बढ़ावा

फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के साथ साइन किया एमओयू

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण के मिशन के तहत फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के साथ एक एमओयू साइन किया गया है। इस एमओयू से दोनों संस्थानों के बीच शैक्षिक पाठ्यक्रम और शोध को बढ़ावा दिया जायेगा।

मंगलवार को एमओयू साइन करते समय फेडरल यूनिवर्सिटी के डिप्टी वाइस चांसलर प्रशासन प्रोफेसर सीपी शिंगू, डिप्टी वाइस एकेडेमिक प्रो. जूडिथ बेमिना, डॉ. एमानुएल एतिम, डायरेक्टर इंटरनेशनल प्रोग्राम, एग्रीकल्चर और लाइफ साइंसेज फैकल्टी के प्रतिनिधि डॉ. डीओ इबिरिण्डे, प्योर एंड एप्लाइड साइंसेज के प्रतिनिधि डॉ. ई. ऐकम्बा, एजुकेशन फैकल्टी के प्रतिनिधि डॉ. इनोसेंट अब्बाह अकोर, इंजीनियरिंग फैकल्टी के डॉ. अब्दुल करीम ऐ सिट्टू, फैकल्टी ऑफ़ ह्यूमनिटीज, मैनेजमेंट

एंड सोशल साइंसेज के प्रतिनिधि डॉ. विक्टर लुकपाटा, फैकल्टी ऑफ़ लॉ के प्रतिनिधि बैरिस्टर सेम्प्सन ऐ नमो व बेसिक मेडिकल साइंस फैकल्टी के प्रतिनिधि अजय ओलावाले स्टेफेन उपस्थित थे। कुलपति ने बताया कि दोनों संस्थान के शिक्षक, छात्र एवं अध्येता शोध, शिक्षण एवं अन्य संबंधित विषयों पर परस्परिक सहयोग कर सकते हैं। सं स्थाओं में शैक्षिक मटेरियल एवं शोध तकनीकों का भी आदान-प्रदान हो सकता है। कुलपति ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध भी पहले से अधिक बेहतर होंगे।

10 छात्राओं को मिला मेधा छात्रवृत्ति पुरस्कार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी करने वाली 10 छात्राओं को बहुप्रतीक्षित शोध मेधा छात्रवृत्ति पुरस्कार प्रदान किया गया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय की ओर से प्राप्त 150 से अधिक आवेदन की व्यापक जांच के बाद इनको शॉर्ट लिस्ट किया गया था। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने चयनित छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र और एक विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया विश्वविद्यालय की हुडी प्रदान किया। प्रोफेसर राय ने कहा कि छात्रवृत्ति कार्यक्रम शिक्षा, कौशल और परामर्श के माध्यम से युवा लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। हमारा मानना है कि एक शिक्षित, आत्मविश्वासी और स्वतंत्र युवा महिला एक मजबूत राष्ट्र और एक बेहतर समाज की नींव रख सकती है। प्रो. पूनम टंडन, डीन छात्र कल्याण ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी लड़कियों को वित्तीय सहायता के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रदान करना है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि-फेडरल यूनिवर्सिटी नाइजीरिया में करार

कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय व फेडरल यूनिवर्सिटी के डिप्टी वाइस चांसलर प्रो. सपी शिंगु ने किया एमओयू साइन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय तथा फेडरल यूनिवर्सिटी वुकारी नाइजीरिया के वीच मंगलवार को अकादमिक करार हुआ है। इसके तहत आने वाले दिनो में लविवि के छात्र नाइजीरिया की फेडरल यूनिवर्सिटी में जाकर शोध कर सकेंगे तथा यहां के शिक्षकों को वहां पढ़ाने का मौका मिलेगा। यही सुविधाएं फेडरल यूनिवर्सिटी के छात्रों व शिक्षकों को लविवि भी देगा। शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण मिशन के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय ने फेडरल यूनिवर्सिटी, वुकारी नाइजीरिया के साथ एमओयू साइन किया।

एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के वीच विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अकादमिक सहयोग स्थापित किया जाएगा, साथ ही दोनों संस्थानों के वीच शिक्षकों, छात्रों, शोधार्थियों का आदान-प्रदान भी होगा। समझौते में फेडरल यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व डिप्टी वाइस चांसलर प्रशासन प्रो. सपी शिंगु, डिप्टी वाइस एकेडेमिक प्रो. जूडिथ वेमिना, डा. एमानुएल एतिम, डायरेक्टर इंटरनेशनल प्रोग्राम, एग्रीकल्चर और लाइफ साइंसेज फैकल्टी के प्रतिनिधि डा. डीओ इबिरिण्डे, प्योर एंड एप्लाइड साइंसेज के प्रतिनिधि डा. ईए, कम्बा, एजुकेशन फैकल्टी के प्रतिनिधि डा. इनोसेंट अव्वाह अकोर व अन्य ने किया।

वहीं लविवि की ओर से कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, डीन एकेडेमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, डीन रिसर्च प्रो. राजीव पांडेय, डायरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. आर.पी. सिंह आदि मौजूद थे।

उधर मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने एवोक इंडिया ग्रुप के साथ भी एक एमओयू साइन किया। इसके तहत छात्रों के आर्थिक सशक्तिकरण, वित्तीय जागरूकता व शिक्षा पर काम किया जाएगा। इस एमओयू का उद्देश्य वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में व्यवहारिक और रोजगारोन्मुख कौशल विकास द्वारा छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाना है। एवोक इंडिया ग्रुप, परामर्श और मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को सलाह और मार्गदर्शन देगा। एमओयू पर एलयू कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और एवोक इंडिया के निदेशक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए।

लविवि की दस छात्राओं को मिली मेधा छात्रवृत्ति : लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को पीएचडी करने वाली दस छात्राओं को शोध मेधा छात्रवृत्ति पुरस्कार प्रदान किया गया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय में इसके लिए 150 से अधिक आवेदन आए थे, जिनमें से कुछ छात्राओं को शॉर्टलिस्ट करके उनका साक्षात्कार किया गया। साक्षात्कार के आधार पर 10 छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए चयनित किया गया। इन छात्राओं को मंगलवार को यह छात्रवृत्ति पुरस्कार दिया गया। छात्रवृत्ति के तहत छात्राओं को प्रतिमाह पांच हजार रुपए तीन वर्षों तक प्रदान किए जाएंगे।

लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने चयनित छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र और एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया विश्वविद्यालय का हुडी प्रदान किया। छात्रवृत्ति पाने वाली छात्राओं में प्रिया अवस्थी एप्लाइड इकोनॉमिक्स, करीना अफजल और समृद्धि मालवीय वॉटनी, कृति चौरसिया व साधना विश्वकर्मा रसायन शास्त्र, अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाएं विभाग से प्रियंका, अंजलि मिश्रा सामज कार्य, अंजना तिवारी सांख्यिकी, निकहत जहरा उर्दू और हिना मसरूर जूलॉजी से शामिल हैं। इस दौरान प्रो. पूनम टंडन डीन छात्र कल्याण, प्रो. राकेश चंद्रा डीन एकेड